पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# उप मुख्यमंत्री ने किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

## दस्तक और स्टॉप डायरिया कैंपेन का भी किया शुभारम्भ

लखनऊ : 01 जुलाई, 2025

प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान एवं "स्टॉप डायरिया कैंपेन" का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में फीता काटकर किया।

इस मौके पर उन्होंने "डायरिया और जिंक कॉर्नर" का भी उद्‌घाटन किया तथा जागरूकता रैली व अभियान में लगे एंटीलार्वा छिड़काव,फॉगिंग और प्रचार–प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित दस्तक अभियान एक जन–जागरूकता की ऐसी सशक्त पहल है, जिसका उद्देश्य संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना है। वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन रोगों से बचाव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही संभव है।

आज से प्रारंभ यह संचारी नियंत्रण न केवल बीमारी की पहचान और रोकथाम करेगा, बल्कि घर–घर जाकर समुदाय को साफ–सफाई, जल–जमाव से बचाव, हाथ धोने की आदत जैसी जीवनरक्षक जानकारियाँ देगा। मैं प्रदेश के सभी विभागों, नागरिकों, विशेषकर आशा बहनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्कूलों, ग्राम प्रधानों और स्वैच्छिक संगठनों से अपील करता हूँ कि वे इस अभियान को जनांदोलन बनाएं।

"स्वस्थ उत्तर प्रदेश" के लक्ष्य की प्राप्ति में हम सभी की जिम्मेदारी है। आइए, एकजुट होकर संचारी रोगों के विरुद्ध यह युद्ध लड़ें और जीतें। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस सहित 13 विभाग मिलकर काम कर रहे हैं और इन सबके समन्वयन से ही अभियान सफल होगा। एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्टॉप डायरिया कैंपेन व 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतनपाल सिंह सुमन, अपर निदेशक, लखनऊ मंडल डॉ. जीपी गुप्ता, स्थानीय पार्षदगण, मुख्य

चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. गोपीलाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. एस. सिद्दीकी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.पी.सिंह, डा.निशांत निर्वाण, डॉ. के. डी. मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव, सीएचसी अधीक्षक डा. विनय सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रश्मि, सीएचसी के अन्य अधिकारी, आई सी डी एस, पंचायती राज, नगर सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च और एफएचआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग,पेयजल , पंचायती राज, नगर विकास, ग्राम्य विकास, आईसीडीएस, पशुपालन, सूचना, फूड सेफ्टी एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, कृषि एवं सिंचाई विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और उद्यान विभाग इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

---

सम्पर्क सूत्र– अखिलेश मणि त्रिपाठी

राम यतन/05:40 **PM**